**SET-4**

**Series &RQPS/S**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **72/S**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Please check that this question paper contains **7** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यावसायिक कला (सैद्धान्तिक)

## (भारतीय कला का इतिहास)

# COMMERCIAL ART (Theory)

## (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* — *Maximum Marks : 30*

***सामान्य निर्देश :***

- ***खण्ड – अ : सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं । (प्रत्येक प्रश्न का* ***1*** *अंक है ।)*
- ***खण्ड – ब : सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं । (प्रत्येक प्रश्न के* ***2*** *अंक हैं ।)*
- ***खण्ड – स :*** *किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न के* ***6*** *अंक हैं ।)*

## खण्ड – अ

## (बहुविकल्पीय प्रश्न) *8×1=8*

**1.** दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) आपके पाठ्यक्रम में "मारु रागिनी" किस उप-शैली का चित्र है ? *1*

(A) बीकानेर

(B) किशनगढ़

(C) जोधपुर

(D) मेवाड़

(ii) इस चित्र का दृश्य "भागवत पुराण" से लिया गया है : *1*

(A) मारु रागिनी

(B) कृष्ण गोपियों के साथ

(C) चौगान के खिलाड़ी

(D) नंद, यशोदा व कृष्ण अपने सम्बन्धियों के साथ वृंदावन जाते हुए

(iii) भारत में "लोक पुनर्जागरण" का जनक किसे कहा जाता है ? *1*

(A) जामिनी रॉय

(B) राम गोपाल विजयवर्गीय

(C) एम.एफ. हुसैन

(D) नंदलाल बोस

***General Instructions :***

- ***SECTION – A :*** *Answer all questions. (Each question carries* ***1*** *mark)*
- ***SECTION – B :*** *Answer all questions. (Each question carries* ***2*** *marks)*
- ***SECTION – C :*** *Answer any two questions. (Each question carries* ***6*** *marks)*

## SECTION – A

**(Multiple Choice Questions)** *8×1=8*

**1.** Select the right answer from the given options :

(i) From which sub-school is the "Maru Ragini" painting from your syllabus ? *1*

(A) Bikaner

(B) Kishangarh

(C) Jodphur

(D) Mewar

(ii) This painting illustrates a scene from the "Bhagavata Purana" : *1*

(A) Maru Ragini

(B) Krishna with Gopis

(C) Chaugan Players

(D) Nand, Yashoda and Krishna with Kinsmen going to Vrindavan

(iii) Who was called the Father of Folk Renaissance in India ? *1*

(A) Jamini Roy

(B) Ram Gopal Vijayvargiya

(C) M.F. Husain

(D) Nandalal Bose

(iv) *अभिकथन (A) :* अमृता शेरगिल अवनीन्द्रनाथ टैगोर की शिष्या थीं ।

*कारण (R) :* अमृता शेरगिल ने लघुचित्र शैली व भारतीय म्यूरल चित्र शैली को यूरोपीयन शैली में मिलाया । *1*

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है ।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है ।

(v) प्रसिद्ध चित्रकार "हाजी मदनी" किस लघुचित्र शैली से संबंधित थे ? *1*

(A) अजमेर (B) मुगल

(C) जयपुर (D) बूँदी

(vi) *अभिकथन (A) :* राजस्थानी लघुचित्र में प्रकृति को प्रतीकात्मक रूप में दिखाया है ।

*कारण (R) :* जीवजन्तु/फूल-पत्तों को भाव दिखाने के लिए चित्रित किया है । *1*

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है ।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है ।

(vii) उस चित्रकार का नाम बताइए जिसने "आदमी, औरत और पेड़" छापाचित्र बनाया । *1*

(A) ज्योति भट्ट (B) अनुपम सूद

(C) लक्ष्मा गौड़ (D) सोमनाथ होरे

(viii) निम्नलिखित में से "हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया व अमीर खुसरो" चित्र की विषय-वस्तु क्या है ? *1*

(A) राजनीतिक रणनीति निर्धारित करना

(B) सूफ़ी संत द्वारा अपने शिष्य द्वारा बजाए गए संगीत को सुनना

(C) संत का शिष्य के साथ खेल खेलना

(D) शिष्य का पढ़ना व संत का आत्मध्यान करना

(iv) *Assertion (A) :* Amrita Sher-Gil was a student of Abanindranath Tagore.

*Reason (R) :* Amrita Sher-Gil assimilated miniature and mural tradition of Indian Art with European Modernism. *1*

(A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

(v) The great artist "Haji Madni" belongs to which sub-school of miniature painting ? *1*

(A) Ajmer (B) Mughal

(C) Jaipur (D) Bundi

(vi) *Assertion (A) :* The depiction of nature is symbolic in Rajasthani minatures.

*Reason (R) :* The flora and fauna are painted to show bhava/expression. *1*

(A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

(vii) Name the artist who made the print titled "Man, Woman and Tree". *1*

(A) Jyoti Bhatt (B) Anupam Sud

(C) Laxma Goud (D) Somnath Hore

(viii) Which of the following is the subject matter of the painting – 'Hazrat Nizamuddin Auliya and Amir Khusrau' ? *1*

(A) Deciding on a political strategy

(B) A Sufi saint listening to music being played by the disciple

(C) A saint is playing a game with disciple

(D) A disciple is studying and the saint is in meditation

## खण्ड – ब

**(लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न)** *5×2=10*

*प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में अपेक्षित हैं ।*

**2.** (क) आपके पाठ्यक्रम में शामिल बंगाल स्कूल के चित्र "अंतिम यात्रा" के चित्रकार अपने इस चित्र की विषय-वस्तु को चित्रित करने में कहाँ तक सफल हुए ? वर्णन कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) आप अपने पाठ्यक्रम में शामिल छापा-चित्रों में से किसी एक छापा-चित्र और उसके चित्रकार को क्यों पसंद अथवा नापसंद करते हैं ? सौन्दर्यात्मक मापदण्डों के आधार पर अपने कारण दीजिए ।

**3.** (क) "माँ और बच्चा" शीर्षक वाली चित्रकला के विषय-वस्तु का वर्णन कीजिए तथा इसके कलाकार का नाम भी लिखिए । *2*

**अथवा**

(ख) "मदर टेरेसा" चित्र को बनाने के लिए एम.एफ. हुसैन ने किस माध्यम का प्रयोग किया ? अपने भावों को दिखाने के लिए कलाकार ने किस तरह चित्र को तीन भागों में बाँटा ?

**4.** (क) "चाँद बीबी पोलो खेलते हुए" चित्र में चट्टानें, पहाड़ व पेड़ जैसे प्रकृति चित्रण तत्त्वों के बारे में विस्तार से बताइए । प्रकृति के इन तत्त्वों ने संयोजन में क्या योगदान दिया ? *2*

**अथवा**

(ख) "चौगन के खिलाड़ी" चित्र की विषय-वस्तु की चर्चा कीजिए । इसके माध्यम व तकनीक ने किस तरह इसकी दृश्यात्मक सुन्दरता को बढ़ाया ?

## SECTION – B

**(Short Answer Type Questions)** *5×2=10*

*Answer for this question is expected around 100 words.*

**2.** (a) How far has its artist been successful in depicting the subject matter of the painting titled "Journey's End" of the Bengal school included in your course of study ? Describe. *2*

**OR**

(b) Why do you like or dislike any of the graphic print and its printmaker artist included in your course of study ? Give your reason based on the aesthetical parameters.

**3.** (a) Describe the theme or subject matter of the painting titled "Mother and Child" and also mention the name of the artist who made this beautiful work of art. *2*

**OR**

(b) What is the medium used by M.F. Husain to create the painting "Mother Teresa" ? How did the artist divide the painting "Mother Teresa" into three parts to express his feelings ?

**4.** (a) Examine the landscape elements in the painting "Chand Bibi Playing Polo", such as the depiction of rocks, hills, and trees. How do these elements contribute to the composition ? *2*

**OR**

(b) Discuss the subject matter of the painting "Chaugan Players". How did the medium and techniques impact the visual appearance of the artwork ?

**5.** (क) "संथाल परिवार" मूर्ति की संयोजन व्यवस्था पर एक टिप्पणी लिखिए । इस कलाकृति के विषय-वस्तु (भाव) को व्यक्त करने में मूर्तिकार कहाँ तक सफल रहा ? *2*

**अथवा**

(ख) हमारे राष्ट्रीय ध्वज में प्रयुक्त निम्नलिखित में से प्रत्येक का प्रतीकात्मक अर्थ क्या है ? $4\times\frac{1}{2}=2$

(i) भारत केसरिया

(ii) श्वेत

(iii) भारत हरा

(iv) अशोक चक्र में 24 तीलियाँ (अरें)

**6.** (क) "भरत का राम से चित्रकूट में मिलन" चित्र में कितनी मानव आकृतियाँ हैं और उसके मुख्य चरित्र (व्यक्ति) कौन-से हैं ? *2*

**अथवा**

(ख) अपने पाठ्यक्रम के अनुसार बताइए कि "नैनसुख" द्वारा बनाए गए चित्र का क्या नाम है व उसमें ध्यान देने वाली क्या-क्या विशेषताएँ हैं ?

## खण्ड – स
## (दीर्घ उत्तर प्रकार के प्रश्न)

**7.** दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्नों का उत्तर लगभग 200 शब्दों में अपेक्षित है । $2\times6=12$

(क) मुगलकालीन इस अचंभित करने वाले चित्र में ताकत व सुरक्षा की देवीय शक्ति को दिखाया है जो कि "हरिवंश पुराण" का एक दृश्य है । इसमें कृष्ण को एक विशाल पहाड़ उठाए दिखाया गया है जिसमें उनके बल की सराहना की गई है । $2\times3=6$

- चित्र को पहचान कर चित्र माध्यम व चित्रकार का नाम लिखिए ।
- संयोजन व्यवस्था का वर्णन कीजिए ।

5. (a) Write a note on the compositional arrangement of the sculpture "Santhal Family". How far has the artist been successful in expressing the subject matter of this work of art ? *2*

**OR**

(b) What do each of the following in our National Flag symbolize ? $4\times\frac{1}{2}=2$

(i) Indian saffron

(ii) White

(iii) Indian green

(iv) 24 spokes in the Ashoka wheel

6. (a) How many human figures are present in the painting "Bharat meets Rama at Chitrakut" and who are the key characters among them ? *2*

**OR**

(b) From your syllabus of study, what is the name and notable artistic characteristics of Nainsukh's painting ?

## SECTION – C

## (Long Answer Type Questions)

7. Attempt any ***two*** questions from the given options. Answer for these questions is expected in around 200 words. $2\times6=12$

(a) This awe-inspiring Mughal school artwork captures a divine moment of strength and protection. Depicting a legendary event from ancient tales "Harivamsa Purana", it celebrates Lord Krishna's might as he lifts a colossal mountain. $2\times3=6$

- Identify the painting medium and the name of the artist.
- Describe its compositional arrangement.

(ख) अपने पाठ्यक्रम में शामिल राधा (बनी-ठनी) चित्र का विस्तृत वर्णन कीजिए । $2\times3=6$

- चित्र का माध्यम और तकनीक व कलाकार का नाम लिखिए ।
- संयोजन व्यवस्था का वर्णन कीजिए ।

(ग) यह अद्‌भुत कलाकृति वाल्मीकि रामायण का एक दृश्य है । कलाकार ने भारतीय परंपरागत कला व आधुनिक कला के अंतर को बड़ी कुशलता से चमकदार रंगों व समुद्र के ताकतवर दृश्यांकन से भरा है । $2\times3=6$

- चित्र को पहचान कर चित्र का नाम, माध्यम व कलाकार का नाम लिखिए ।
- इस चित्र की सौंदर्यात्मक विशेषताओं व भावों का वर्णन कीजिए जिनकी आप सराहना करते हैं ।

(b) Describe in detail the painting Radha (Bani-Thani) from your course of study. *2×3=6*

- Name the artist and medium and technique.
- Appreciate the compositional arrangement.

(c) This mesmerizing artwork is based on an episode of Valmiki's Ramayana. The artist successfully bridges the gap between Indian traditional art and Modern art by capturing the vibrant hues and powerful strokes of the ocean. *2×3=6*

- Identify the painting, name the artist and medium.
- Appreciate the aesthetic qualities and emotions that you admire in this artwork.